तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 4 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



तीन साल बाद भी कुकदा-रिंगनी कंजी नाला पुल का काम अधूरा

4




## खबर संक्षेप

### मालखरौदा के आत्मानंद स्कूल में समाधान शिविर आज

**मालखरौदा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्तियो तक पहुंचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार के अंतर्गत 1 मई से 10 जून तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मालखरौदा जनपद पंचायत के आत्मानंद सेजेश स्कूल मालखरौदा में सोमवार 4 मई को 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। जारी आदेश के तहत मालखरौदा जनपद पंचायत के सम्मिलित ग्राम कलमी, जमगहन, बड़ेपाडरमुड़ा, मुक्ता, मालखरौदा, चारपारा, चिखली, किरकार, सिंघरा, बड़ेसीपत, पिहरीद, अमेराडीह, भठोरा, चांटीपाली, बेल्हाडीह, नवापारा, नगझर, छोटेसीपत, खेमड़ा, बीरभांठा, परसाडीह ग्राम पंचायत क्लस्टर में शामिल है। शिविर के सफल संचालन हेतु शिविर स्थल के लिए जिला आबकारी अधिकारी आबकारी विभाग जिला सक्ती को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### किसान स्कूल बहेराडीह में गायत्री यज्ञ कल

**बहेराडीह।** किसान स्कूल बहेराडीह में वरिष्ठ पत्रकार स्व. कुंजबिहारी साहू की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर गत वर्ष की भांति 5 मई को सुबह 8 बजे गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि किसान स्कूल की स्थापना कृषि क्षेत्र में युवा पीढ़ी को जोड़ने, जैविक कृषि को बढ़ावा देने, एकीकृत कृषि प्रणाली पर जोर देने तथा कृषि को ब्यापार के रूप में अपनाने की जरूरत को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों के सहयोग से किया गया है, वहीं देशी बीजों को संरक्षित करने, विलुप्त चीजों को सहेजने का काम किसान स्कूल में किसानों के सहयोग से निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### 6 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** नगरदा पुलिस ने बड़े नहर के पास बिक्री के लिए रखे 6 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 2 मई को सहायक उपनिरीक्षक राधेश्याम राठौर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नगरदा के बड़े नहर के पास ग्राम सुंदरेली निवासी दुकालू राम खांडे पिता जगतराम खांडे उम्र 64 वर्ष अवैध रूप से हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर दबिश दी। दबिश के दौरान आरोपी दुकालू राम खांडे को अवैध रूप से महुआ शराब रखते एवं बिक्री हेतु तैयार करते पाया गया। आरोपी के कब्जे से 5 लीटर व 1 बोतल में 1 लीटर कुल 6 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया है।

### चांपा-बिर्रा मार्ग पर ड्रायवर की लापरवाही से हुआ हादसा

# सवारियों से भरी बस पलटी दर्जनभर यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

चांपा-बिर्रा मार्ग में सवारियों से भरी बस पलट गई। हादसे में दर्जनभर यात्री घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ड्रायवर को झपकी आने के कारण बस अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित बस सड़क पर पूरी तरह से पलट गई। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

राजधानी बस क्रमांक सीजी 10 जी 1035 रविवार 3 मई की सुबह कोरबा से सारंगढ़ के लिए निकली। बस चांपा से बिर्रा रोड में पहुंची थी। इसी दौरान करनौद के पास गोविंदा रोड में अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय बस यात्रियों से भरी हुई थी। दुर्घटना में लगभग 13 यात्री घायल हो गए, जिनमें कई लोगों को सिर, हाथ, कंधे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चांपा से बिर्रा की ओर जा रही थी, तभी सामने अचानक एक बाइक चालक आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने बस मोड़ी, लेकिन तेज बस की रफ्तार काफी अधिक होने के वजह से पूरी बस पलट गई। हादसे के बाद बस के अंदर चीख पुकार मच गई और यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। यात्रियों का आरोप है कि ड्रायवर तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। घायल यात्रियों ने बताया कि कई यात्रियों ने रास्ते में चालक को धीरे चलाने की बात कही थी, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। लोगों का कहना है कि यदि चालक सावधानी से वाहन चलाता तो यह बड़ा हादसा टाला जा सकता था।



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और लोगों की भीड़ व इंसेट में पलटी बस।

#### ड्रायवर की नींद नहीं हुई थी पूरी

घटना के बाद किसी तरह यात्री बस से बाहर निकले। मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जब ग्रामीणों ने चालक से हादसे का कारण पूछा तो उसने बताया कि बस कंपनी द्वारा लगातार 2 से 3 रातों से बस को बारात और किराया कार्य में लगाया गया था। लगातार ड्यूटी और पर्याप्त नींद नहीं मिलने के कारण वह बेहद थका हुआ था। चालक ने माना कि थकान और झपकी जैसी स्थिति के कारण वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और बस पलट गई।

#### बस में क्षमता से अधिक सवारी

ग्रामीणों और यात्रियों ने आरोप लगाया कि ज्यादा कमाई के लालच में 38 सीटर बस में करीब 48 से भी अधिक यात्रियों को बैठा दिया था। कई लोग सीट के बिना सफर कर रहे थे, जबकि कुछ यात्री खड़े हुए थे। यात्रियों का कहना है कि क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के कारण बस का संतुलन भी बिगड़ा और हादसा गंभीर हो गया। क्षेत्र के लोगों ने ओवरलोडिंग करने वाले बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

यात्रियों ने बस कंपनी पर ऐसे चालकों को जिम्मेदारी सौंपने का आरोप लगाया है। इधर घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही तहसीलदार बम्हनीडीह शशिभूषण सोनी, थाना प्रभारी बम्हनीडीह कृष्णपाल सिंह सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह के बीएमओ अजम्बर सिंह सिसोदिया एक्टिव हो गए। घटना स्थल से सोनाइडीह सरपंच संतन महंत ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सभी यात्रियों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया।

# पामगढ़ क्षेत्र में भालू की धमक से दहशत में ग्रामीण

## पुलिस एवं वन विभाग की टीम कर रही रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ क्षेत्र में भालू की धमक से ग्रामीण दहशत में है। क्षेत्र में भालू देखा गया है जिसके कारण लोगों को सुरक्षित रखने की पहल हो रही है। इधर भालू मिलने की सूचना पर वन एवं पुलिस विभाग की टीम रेस्क्यू कर रही है। साथ ही साथ लोगों को अपने घरों से नहीं निकलने भी कहा जा रहा है।

पामगढ़ क्षेत्र के नवारीडीह गांव में रविवार 3 मइ सुबह 5 बजे के करीब भालू देखा गया। इसके बाद ग्रामीणों की धड़कनें तेज हो गई। इस बात की सूचना गांव के लोगों ने सरपंच को दी। मामले की सूचना पुलिस एवं वन विभाग की टीम को दी गई। इधर भालू मिलने की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची। साथ ही लोगों को सतर्क रहने कहा गया। वन विभाग की टीम द्वारा पामगढ़ क्षेत्र के 8 से 10 किलोमीटर के गांव में मुनादी करा कर लोगों को अलर्ट रहने कहा गया है। आसपास के गांव के में बारगांव, कोसला, पेण्ड्री सहित आसपास के गांव में सरपंच के माध्यम से सूचना दी गई है। लोग रात के साथ-साथ दिन के समय में भी घरों से बाहर न निकले। साथ ही निकलते समय विशेष सावधानी बरतने कहा गया है। सूत्रों की माने तो जंगल परिक्षेत्र में गर्मी के दिनों में खाने-पीने एवं पानी के लिए भालुओं को दिक्कत एवं परेशानी होती है, जिसके कारण भालू खाने पीने एवं पानी की तलाश में मैदानी इलाकों में आ जाते हैं। वन विभाग की टीम द्वारा लगातार क्षेत्र का निरीक्षण किया जा रहा है। भालू को पकड़ने वन विभाग की टीम मुस्तैद है।



भालू की तलाश में जुटा वन विभाग का अमला।

#### की जा रही तलाश

पामगढ़ क्षेत्र में भालू होने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर खोजबीन की जा रही है। आसपास के गांव के लोगों को सतर्क रहने कहा गया है। साथ ही साथ विभाग की टीम द्वारा मुनादी भी कराई गई है।

होरेशचंद्र शर्मा, एसडीओ,
वन परिक्षेत्र जांजगीर चांपा

## बोराई नदी में रेत का अवैध उत्खनन करते जेसीबी जब्त

**सक्ती।** खनिज विभाग, राजस्व विभाग, उड़नदस्ता एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बोराई नदी में रेत का अवैध उत्खनन करते जेसीबी को जब्त किया गया है, वहीं ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम हरदी स्थित बोरई नदी में अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान मौके पर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 11 डी 2863 एवं जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 11 बीएल 4874 अवैध रूप से रेत उत्खनन करते पाए गए। कार्यवाही के दौरान दोनों ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर के साथ मौके से फरार हो गए, जबकि जेसीबी वाहन को मौके पर जब्त कर लिया गया। जेसीबी वाहन का मालिक गजपति पाटले मौके पर मौजूद था, लेकिन उनके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जप्त जेसीबी वाहन को थाना सक्ती में सुपुर्द किया गया। जांच दौरान तहसीलदार भोथिया, प्रभारी राजस्व निरीक्षक विशेश्वर सिंह सिदार, पटवारी विनोद कुमार डाहिरे, पटवारी विनोद कुमार यादव, राजस्व निरीक्षक धनेश कुर्रे तथा ग्राम कोटवार रायपुरा एवं हरदी उपस्थित रहे। मामले में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 के तहत कार्रवाई की जा रही है।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त पिकअप।

# मवेशी तस्करी का अंतर्राज्जीय गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मवेशी तस्करी करने वाला अंतर्राज्जीय गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। शिवरीनारायण पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को मवेशियों की तस्करी करते रंगे हाथों पकड़ा गया है। उनके कब्जे से 15 मवेशी और तीन पिकअप बरामद की गई है।

शिवरीनारायण पुलिस को रविवार 3 मई की सुबह 5 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि 3 पिकअप से भैंसो की तस्करी करते बुचडखाना उड़ीसा ले जाया जा रहा है। सूचना पुलिस द्वारा घेराबंदी कर शिवरीनारायण राघव ईन होटल के सामने मेन रोड पर पिकप क्रमांक सीजी 04 क्यूयू-9122, ओडी 26 एफ 4334, ओडी 17 टी 8523 के चालकों को रोकवाकर देखा तो प्रत्येक पिकअप में 5-5 भैस को ठूंसठूंस कर रस्यिों से बांधकर भरा गया था। पूछताछ करने पर आरोपियों ने मवेशी तस्करी का जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने मुकेश ऐडजा पिता वृंदावन ऐडजा उम्र 26 वर्ष निवासी गोडमुडा बरगढ़, राजेश मांझी पिता बुद्धदेव माझी उम्र 26 वर्ष ग्राम खरामल बरगढ़, निरंजन कोलारी पिता घनश्याम कोलारी उम्र 25 वर्ष निवासी टेमरी बरगढ़, रूपेश कुमार पिता छायाकांता उम्र 20 वर्ष निवासी डुरकी छडा बरगढ़, प्रकाश राणा पिता अंकुर राणा उम्र 32 वर्ष निवासी सोडा जिला बरगढ़ उडीसा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 6, 10 एवं पशु क्रुरता अधि. की धारा 11(घ) के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### जम्मू पुल हादसे में किरारी के युवक की मौत

**अकलतरा।** जम्मू-कश्मीर के दुबाना थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बंधवा तालाब के निर्माणाधीन पुल के गिरने से 1 मई को हुई मौत में एक मृतक अकलतरा के किरारी का भी है जिसका शव विधायक अकलतरा राघवेन्द्र सिंह के प्रयास से किरारी लाया गया जहां परिजनो की उपस्थिति में उसका अंतिम संस्कार विधि पूर्वक किया गया । इस संबध में यह जानकारी मिली कि अकलतरा के किरारी का रहने वाला हरिश्चंद्र केवट पिता गोवर्धन प्रसाद केंवट उम्र 24 साल भी गांव के लोगों के साथ जम्मू-कश्मीर काम करने गया था ,जहां दुबाना थाना क्षेत्र में बंधवा तालाब के उपर पुल बनाया जा रहा है। यह निर्माणाधीन पुल 1 मई की शाम को गिर गया जिसमें काम रहे मजदूरो में से तीन मजदूरो की मौत हो गई। इनमें से एक हरिश्चंद्र केवट किरारी अकलतरा से था। हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने विधायक राघवेन्द्र सिंह को घटना से अवगत कराया। विधायक राघवेन्द्र सिंह ने कलेक्टर एवं राज्य सरकार के उच्च अधिकारीयों से बात कर हरिश्चंद्र केवट के शव को एयर एम्बुश के माध्यम से दिल्ली और दिल्ली से रायपुर भिजवाया और फिर वहां से एम्बुलेंस में अकलतरा के किरारी मृतक का शव लाया गया जहां परिजनो की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया।

### जिले के पांच केन्द्रों में हुई परीक्षा, 47 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

# डाक्टरी की पढ़ाई करने 1347 ने दिया इम्तिहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डाक्टर बनने की चाहत रखने वाले जिले के 1 हजार 394 अभ्यर्थियों ने नीट परीक्षा में शामिल होने के लिए अपना आवेदन आनलाइन के माध्यम से जमा किया था। परीक्षा में 1 हजार 347 युवा शामिल हुए वहीं 47 अभ्यर्थी इस परीक्षा से नदारद रहे।

गौरतलब है कि रविवार 3 मई को जांजगीर चाम्पा जिले के 5 केन्द्रों में मेडिकल कालेजों में दाखिला को लेकर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने 1 हजार 394 अभ्यर्थियों ने आनलाइन आवेदन जमा किया। इस परीक्षा में करीब 1 हजार 347 अभ्यर्थी शामिल हुए वही 47 युवा परीक्षा से नदारद रहे। इधर मेडिकल कालेजो में प्रवेश पाने को लेकर परीक्षा देने वाले युवाओ की भीड़ देखी गई। साथ ही साथ परीक्षा को लेकर सुबह से ही केन्द्रों में युवाओ के साथ साथ पुलिस बलो की मौजूदगी देखी गई। परीक्षा केन्द्र टीसीएल महाविद्यालय में 360 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, वहीं 9 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार कन्या महाविद्यालय में 170 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित, आत्मानंद स्कूल क्रमांक 1 में 240 उपस्थित एवं 8 अनुपस्थित, कृषि विज्ञान केन्द्र जांजगीर मे 384 उपस्थित एवं 11 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। पालिटेक्निक महाविद्यालय जांजगीर में नीट की प्रवेश परीक्षा में 240 युवा शामिल हुए वहीं 17 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे।



परीक्षा देकर केन्द्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी।


GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

"Where Your Dreams Come True"



NEET-2026
Question Paper With Answer Key

Search on :
TYPE : https://bit.ly/4n73yQ3
www.goalinstitute.org
goalinstitute_bhilai
goalinstitutebhilai

Reasons why most of the students of GOAL Institute are successful.
- Specialist teachers of every subject.
- Comprehensive & thoroughly revised study material.
- Periodic tests on the latest pattern of NEET/IIT-JEE.
- Additional teachers for doubt solving.
- Supported by a Group of IITians, NITians, Doctors & Prof.

ADMISSIONS OPEN

Goal's Results Oriented Classroom Program for
NEET | JEE | BOARD | OLYMPIAD

FOUNDATION
For 9th | 10th | 11th | 12th
BOARD / NEET / JEE
Classes Starts on
08th May, 22nd May & 5th June 2026

DROPPER BATCH
For
NEET / JEE - 2027
Classes Starts on
08th May, 22nd May & 5th June 2026

Bilaspur- 2nd Floor, Ambe Trade Centre, CMD Link Road 07752-320345 74158-84100

BHILAI
166, New Civic Centre, Bhilai
0788-4013502 9826943595

RISALI
Genius Campus, Near Nagar Nigam Ashish Nagar (West), Bhilai
0788-4040300 77720-60999

RAIPUR
Shankar Nagar, Raipur
74158-84100

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCHI | DHANBAD | BHUBANESWAR www.goalinstitute.org goal institute_bhilai goalinstitutebhilai

## खबर संक्षेप



### मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** मजदूर दिवस के अवसर पर बेमेतरा में बोरे बासी कार्यक्रम के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति मनाया गया। कार्यक्रम में जिला से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं रायगढ़ जिला प्रभारी रजनीश तिवारी और छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व श्रम कल्याण मंडल बोर्ड के सदस्य नवीन सिंह ठाकुर शामिल हुए। मजदूर दिवस के अवसर पर बोरे बासी कार्यक्रम को एक धरोहर के रूप में बताते हुए यह कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने छत्तीसगढ़ के समस्त पारंपरिक त्यौहारों को बढ़ावा देते हुए प्रदेश के तमाम नागरिकों का सम्मान किया था और इस तरह की आयोजन सदैव जनमानस के पटल पर होते रहना चाहिए।

### श्रमिक राष्ट्र निर्माण के मौन शिल्पी हैं, उनका हो सम्मान : नरेंद्र



**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल, मेडिकल कॉलेज कोरबा में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं कार्यरत श्रमिकों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा फल वितरण कर उनके सेवा-समर्पण को नमन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रमिक राष्ट्र निर्माण के मौन शिल्पी हैं और उनके परिश्रम से ही समाज और देश की प्रगति संभव है। उनका सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर डीन डॉ. कमल किशोर सहारे, यूआर महिलांगे, प्यारेलाल चौधरी, सुरेश कुमार द्विवेदी, आरपी खांडे, आरके पांडेय एवं तरुण राठौर, रामाधार पटेल, मोहन सिंह प्रधान, हरीश चंद्र निषाद, नोहर चंद्रा, कृष्ण कुमार द्विवेदी, नरेंद्र गोस्वामी, रूपेश, जयंत सहित श्रमिक एवं काउंसिल के सदस्य उपस्थित रहे।

### एटक संभागीय कार्यालय में मनाया गया मजदूर दिवस

**कोरबा।** एटक संभागीय कार्यालय में कामरेड दीपेश मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। दीपेश मिश्रा ने कहा कि विश्व में श्रम एवं पूंजी के बीच विकास से जुड़ी हिस्सेदारी को लेकर विवाद है उन्होंने कहा कि दुनिया भर के तमाम देशों मे ग्लोबलाइजेशन के कारण श्रमिकों और पूंजीपतियों के रिश्तों मे जबरदस्त तनाव बढ़ रहा है। कार्यक्रम में सुभाष सिंह, राजेश पांडे, नंद किशोर साव, एसके प्रसाद, एसएन गिरी, रमाकांत शर्मा, घनश्याम त्रिपाठी, अरुण राठौर, विश्वजीत मुखर्जी, रामलाल साहू, रामजी साहू, देवाशीष डे, सुनील राठौर, उज्जवल बनर्जी, अरुण कुमार राठौर, अशोक कुमार राय, अनिर्बन मुखोपाध्याय, मनोज श्रीवास, गोरेलाल राठौर, पुरुषोत्तम राठौर, नाथूराम, संतोष मसीह, श्यामलाल साहू, गजाधर दास, सोखी लाल चंद्रा, अमरजीत, प्रभा राय आदि उपस्थित रहे।

### श्रम वीरों का शाल-श्रीफल से किया गया सम्मान

**दीपका।** मजदूर दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता और व्यवस्था को बनाए रखने वाले श्रमिकों का शाल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा नगर पालिका क्षेत्र जो आज स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित दिखाई देता है, वह केवल आप सभी कर्मठ श्रमिकों की बदौलत है। आप शहर की रीढ़ हैं।

# एक तरफ पर्यावरण का संरक्षण तो दूसरी ओर अतिक्रमण से संरक्षित हुई शासकीय भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिला खनिज न्यास मद से स्याहीमुड़ी आत्मानंद हाई स्कूल परिसर से एक ऐसी तस्वीर बाहर निकल कर आई है जिसमें एक तरफ पर्यावरण संरक्षण को बल मिला है तो दूसरी ओर शासकीय जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को दूर कर जमीन को अतिक्रमण से संरक्षित किया गया है। नगर पालिक निगम कोरबा के इस कदम से स्कूल परिसर आज एक ग्रीन जोन बन चुका है तो वहीं दूसरी ओर सुसज्जित कैंपस की सौगात विद्यालय को मिली है।

नगर निगम के दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र 51 स्याहीमुड़ी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय हाई स्कूल परिसर से लगी हुई जमीन अवैध कब्जे की भेंट चढ़ रही थी, लोगों ने अवैध कब्जे कर रखे थे तथा उक्त शासकीय जमीन के अतिक्रमण से ग्रस्त होने की पूरी संभावना थी। परिसर के चारों ओर लगे पुराने वृक्ष व पौधे असुरक्षित थे, वहीं दूसरी ओर स्कूल परिसर पूर्ण रूप से खुला हुआ था, सुरक्षा का अभाव था। नगर पालिक निगम कोरबा ने वर्ष 2025 में जिला खनिज मद से स्वीकृत 20 लाख रुपए की लागत से 400 मीटर पक्की व मजबूत बाउंड्री वॉल का निर्माण करते हुए संपूर्ण स्कूल परिसर एवं परिसर के चारों ओर लगाए गए तथा अब व्रक्ष का रूप धारण कर चुके इन पौधों को संरक्षित करने का सराहनीय कार्य किया गया है, इससे एक और जहां पेड़ पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी इच्छा शक्ति जाहिर की गई है, वहीं दूसरी ओर विद्यालय परिसर सुव्यवस्थित व सुरक्षित हो चुका है, इसके साथ ही एक दूसरी सबसे बड़ी बात यह हुई है कि अब उक्त शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे की गुंजाइश नहीं रहेगी, अब जमीन अतिक्रमण की भेंट नहीं चढ़ेगी।

### डीएमएफ से स्याहीमुड़ी आत्मानंद स्कूल परिसर बना ग्रीन जोन

**खास बातें**

- कैंपस हुआ सुरक्षित, अतिक्रमण से बची शासकीय भूमि
- स्कूल परिसर को बनाया जा रहा ग्रीमन जोन



## 85 पदों के लिए शिक्षा विभाग निकालेगा विज्ञापन

# आत्मानंद स्कूलों में मेरिट के आधार पर होगी भर्ती, साक्षात्कार व्यवस्था खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा नई गाइड लाइन जारी कर दी गई है। इसके तहत अब स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर भर्ती की जाएगी। पूर्व में जारी साक्षात्कार व्यवस्था को इस वर्ष से खत्म कर दिया गया है।

**खास बात**

- स्कूल शिक्षा विभाग ने भर्ती के लिए जारी की गई गाइडलाइन

बीते 3 वर्षों से लगातार स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। 2023 में शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया के तहत अभी भी पूरे पद भरे नहीं जा सके हैं। 2023 में विधानसभा चुनाव की वजह से भर्ती प्रक्रिया पर रोक लग गई थी और उसके बाद पुनः शुरू की गई प्रक्रिया न्यायालयीन आदेश की वजह से स्थगित करना पड़ा। 2025 में जब भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई तो 2023 में लिए गए पुराने आवेदनों के ही अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया। परिणाम स्वरूप आधे पद पर भी उम्मीदवार नहीं मिले और अभी अभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकोंके 85 पद खाली हैं। जिनमें सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षक शामिल हैं। शिक्षा विभाग के द्वारा आने वाले सप्ताह में भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने विज्ञापन जारी किया जा सकता है। इसकी भी तैयारी विभाग के द्वारा पूरी कर ली गई है। संभवतः 16 जून के पूर्व मेरिट के आधार पर होने वाली भर्ती से आत्मानंद स्कूलों को नए शिक्षक मिल सकेंगे।




### अधिकांश स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर शिक्षक

जिले में चल रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूलों में अधिकांश शिक्षक शासकीय स्कूलों से ही प्रतिनियुक्ति के तहत पदस्थ किए गए हैं। नए शिक्षकों के आने के बाद ऐसे शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति भी समाप्त की जा सकती है, जो पूर्व में लंबे समय से स्कूल के संचालन के दौरान ही पदस्थ हुए थे। ऐसे शिक्षकों को सेवा देते हुए 6 साल से अधिक का समय बीत चुका है। इन सभी शिक्षकों की शिक्षा अंग्रेजी माध्यम की थी। इस वजह से इन्हें प्रतिनियुक्ति के तौर पर स्कूलों में पदस्थ किया गया था। शिक्षकों के साथ आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य भी स्कूलों के वरिष्ठ शिक्षकों को बनाया गया है।

### शिक्षकों के लिए छात्र उतर चुके हैं सड़क पर

शिक्षकों की कमी से परेशान आत्मानंद स्कूलों के कोरबी और पसान क्षेत्र के छात्र शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर सड़क पर उतरने के साथ जिला मुख्यालय तक की दौड़ लगा चुके हैं। कोरबी आत्मानंद स्कूल के छात्र बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे थे तो पसान आत्मानंद स्कूलों के छात्रों ने सड़क पर चक्काजाम किया था। तहसीलदार के आश्वासन पर चक्काजाम समाप्त किया गया और अस्थायी तौर पर शिक्षकों की पदस्थापना हुई। समय पर वेतन नहीं मिलने की वजह से स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों के बीच शिक्षण सत्र के दौरान नौकरी छोड़कर अन्य स्थानों में चले जाने के कारण स्कूल प्रबंधन को शिक्षकों की कमी से जूझना पड़ता है।

### जल्द जारी होगा विज्ञापन

आत्मानंद स्कूलों में भर्ती के लिए विज्ञापन जल्द जारी किया जाएगा। इस बार मेरिट के आधार पर शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इस बार साक्षात्कार व्यवस्था बंद कर दी गई है।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वारानी केबिन के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव मिला। शव रेलवे के बिजली खंभे के तार से लिपटा हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि चलती ट्रेन से खंभे से टकराने के कारण यह हादसा हुआ होगा। स्टेशन मास्टर की सूचना पर उरगा पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस के अनुसार, यह घटना देर रात की है। जांच में यह संभावना व्यक्त की गई है कि युवक रात के समय किसी यात्री ट्रेन के गेट पर खड़ा था और संतुलन बिगड़ने पर वह खंभे से टकरा गया। मृतक युवक की उम्र लगभग 24 साल बताई जा रही है। उसने काले रंग का लोअर, टी-शर्ट और जूते पहने हुए थे। उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ-साथ व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से मृतक की पहचान कराने में जुटी है। शव के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला है। पुलिस को आशंका है कि यह घटना रात में गुजरने वाली किसी यात्री ट्रेन में हुई है।


मृत युवक।

# साले को मौत के घाट उतारने वाले जीजा को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत रमेश सिंह कोर्राम ने मामूली बात पर अपने ही साले पर गडासा से हमला कर दिया था। इस हमले में उसके साले की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा ने आरोपी रमेश सिंह कोर्राम को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है।


आरोपी।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा संजय जायसवाल द्वारा जानकारी दिया गया कि मृतक नाथूराम विंगत 1 माह से अपनी बहन और आरोपी रमेश सिंह कोर्राम के घर में रह रहा था कि 4 अक्टूबर 2022 की शाम के लगभग 6 बजे ओरोपी रमेश सिंह कोर्राम अपने हाथ में रखे कत्ता गडासा से अपने साला मृतक नाथूराम को जाने से मारने की धमकी देते हुए कत्ता से कोचक रहा था और उसे घसीटते हुए कंकरीट वाले रोड में फेंक दिया, घसीटने से मृतक नाथू राम का शरीर पूरी तरह से छिल गया था और गंभीर चोंट आयी थी जिसकी 5 अप्रैल 2022 को मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी रमेश सिंह कोर्राम पिता मगंल सिंह कोर्राम उम्र 55 वर्ष निवासी गांधीनगर सिरकी को धारा 302 भादवि के तहत न्यायालय श्रीमती मधु तिवारी प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा में प्रस्तुत किया गया जहां रमेश सिंह कोराम दोष सिद्ध होने पर आजीवन सश्रम करावास एवं जुर्माना के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# युवती पर चाकू से हमला, नाबालिग सहित एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती ड्यूटी जा रही थी तभी एक युवक ने उसपर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में युवती को गंभीर चोट पहुंची थी जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के तनाव में उसने इस वारदात को अंजाम दिया था।

मामला 27 मार्च की सुबह करीब 10:45 बजे की है। सीएसईबी चौकी क्षेत्र के पंप हाउस निवासी आशा खेवरार पैदल ड्यूटी पर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने युवती पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया था और मौके से फरार हो गए थे। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ की गई। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। करीब एक महीने की मशक्कत के बाद पुलिस ने पुरानी बस्ती धनवार पारा निवासी शक्ति कुमार साहिस (19 साल) और उसके नाबालिग साथी की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ में मुख्य आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका अपनी गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हो गया था, जिससे वह मानसिक तनाव में था। घटना वाले दिन वह अपने साथी के साथ चाकू लेकर अपनी गर्लफ्रेंड को मारने निकला था। रास्ते में उसने आशा खेवरार को मोबाइल पर बात करते हुए देखा। आरोपी को लगा कि उसकी गर्लफ्रेंड उसे धोखा दे रही है, इसी गुस्से में उसने पीछे से युवती पर चाकू से हमला कर दिया।



# शॉर्ट सर्किट से घर के आंगन में खड़ा ऑटो और बाइक जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर बस्ती मुख्य मार्ग स्थित एक मकान में अचानक आग लग गई। इस हादसे में घर के आंगन में खड़ी एक ऑटो और दुपहिया वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग की ऊंची लपटों को देख इलाके में हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया।

**खास बात**

- मकान के आंगन में लगे इलेक्ट्रिक बोर्ड में हुआ था शार्ट सर्किट

जानकारी के अनुसार मानिकपुर बस्ती में निवासरत लोचन सोनी अपने घर के पास ही साइकिल दुकान के साथ साथ ऑटो का संचालन करता है। मकान के आंगन में लगे इलेक्ट्रिक बोर्ड में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग तेजी से फैली और आंगन में खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के वक्त परिवार के सदस्य कमरों के भीतर थे, जिसके कारण उन्हें शुरुआत में आग का पता नहीं चला। जैसे ही आग की लपटें बढ़ीं और धुआं फैलना शुरू हुआ, घर के लोग तुरंत बाहर की ओर भागे और अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, अन्यथा घनी बस्ती होने के कारण आसपास के अन्य मकान भी इसकी चपेट में आ सकते थे। हालांकि, इस अग्निकांड में पीड़ित लोचन सोनी को आर्थिक नुकसान पहुंचा है।


दुकान में लगी आग।

# राजेश बने बालको के नए सीईओ



**कोरबा।** वेदांता एल्यूमिनियम कंपनी बालको ने राजेश कुमार सिंह को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक नियुक्त किया है। वे सीईओ के साथ बालको के पूर्ण कालिक निदेशक भी होंगे। उन्होंने शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। वे कंपनी के समग्र प्रचालन, रणनीति और भविष्य की विकास पहलों का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने अपने करियर के दौरान विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में कई विनिर्माण इकाइयों ने उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार करते हुए लागत में कमी लाकर विश्वस्तरीय मानक स्थापित किए हैं। प्रचालन, औद्योगिक सुरक्षा, उत्पादकता एवं गुणवत्ता सुधार, डिजिटलाइजेशन, नेतृत्व और रणनीति जैसे क्षेत्रों में उनकी गहरी विशेषज्ञता रही है।

## रक्षित केंद्र कोरबा में पुलिस व्यवहार प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# अच्छा व्यवहार ही पुलिस की सबसे बड़ी पहचान एवं ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पुलिस द्वारा संवेदनशील पुलिसिंग, जनविश्वास, आधुनिक तकनीक एवं एआई आधारित कार्यप्रणाली को मजबूत बनाने हेतु इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को थानों में आने वाले नागरिकों, फरियादियों एवं पीड़ितों के साथ सम्मानजनक एवं शालीन व्यवहार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि थाने में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी पीड़ा, भय या समस्या से परेशान होता है तथा वह पुलिस से सहायता और न्याय की उम्मीद लेकर आता है। ऐसे में पुलिस का व्यवहार ही जनता के मन में विभाग की छवि बनाता है। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि थानों में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात धैर्यपूर्वक सुनी जाए, एफआईआर दर्ज करने से मना न किया जाए, प्रत्येक शिकायत को विधिवत जीडी में दर्ज किया जाए तथा शिकायतकर्ता को समय पर कार्यवाही की जानकारी दी जाए। महिला फरियादियों एवं एससी एसटी वर्ग के नागरिकों के प्रति विशेष संवेदनशील व्यवहार रखने पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतीक चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक, पुलिस अनुभागी अधिकारी कटघोरा विजय सिंह राजपूत, प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री आस्था शर्मा सहित थाना प्रभारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक, स्मार्ट पुलिसिंग एवं एआई आधारित तकनीकों के उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया गया कि वर्तमान समय में अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध जांच, डिजिटल निगरानी, डेटा विश्लेषण, रिकॉर्ड प्रबंधन एवं त्वरित सूचना संकलन में एआई तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। साथ ही पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं आधुनिक बनाने के लिए आईटी एवं एआई आधारित संसाधनों के बेहतर उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।


प्रशिक्षण में शामिल पुलिस के जवान।

जॉंजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# क्या 'भूत बंगला' में किरदार छोटा होने से खफा हैं तब्बू..?

**मुंबई।** फिल्म 'भूत बंगला' सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 'हेरा फेरी' (2000) के बाद, अक्षय कुमार और तब्बू ने इस फिल्म से 25 साल बाद साथ में वापसी की है। काफी वक्त से चर्चा थी कि फिल्म में कथित तौर पर किरदार छोटा किए जाने के कारण तब्बू निर्माताओं से खफा हैं। यह भी कहा गया कि अक्षय ने उनका किरदार छोटा कराया था। अब निर्देशक प्रियदर्शन ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। पिंकविला से बातचीत में, निर्देशक ने दावों को खारिज करते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि ये नकारात्मक खबरें कौन और क्यों फैला रहा है। मैं 'भूत बंगला' का निर्देशक हूं।

लाइफ Style



# सान्या

## 'पगलैट' बनकर करेंगी दमदार वापसी

सान्या मल्होत्रा ने अपने करियर में हमेशा अलग-अलग तरह की भूमिका निभाकर दर्शकों को प्रभावित किया है। साल 2021 में उनकी फिल्म 'पगलैट' आई थी जो एक डार्क कॉमेडी ड्रामा थी। इस फिल्म में अभिनेत्री ने एक ऐसा चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया था जो शादी के तुरंत बाद विधवा हो जाती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ताजा खबर है कि नेटफ्लिक्स पर आई यह फिल्म सीक्वल के साथ दोबारा दर्शकों का मनोरंजन करने लौटेगी। यह सिखिया एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स इंडिया की साझेदारी का प्रतीक होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सिखिया एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स इंडिया अपनी डार्क ड्रामा-कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'पगलैट 2' के लिए साथ आ रहे हैं। सीक्वल पर काम शुरू हो चुका है और सान्या अपने किरदार 'संध्या गिरी' के रूप में वापसी करेंगी। मूल फिल्म के निर्देशक उमेश बिष्ट ही सीक्वल का निर्देशन करेंगे और कहानी को एक नए दृष्टिकोण से आगे बढ़ाएंगे। हालांकि यह तय नहीं हुआ है कि सीक्वल पहले भाग की कहानी को आगे बढ़ाएगा या नई कहानी लाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं द्वारा सीक्वल में पहले भाग की तरह ही हास्य और भावनात्मक गहराई का अनूठा मिश्रण बरकरार रखा जाएगा। फिल्म की शूटिंग अगस्त या अक्टूबर, 2026 के आसपास से शुरू होने की उम्मीद है। काम की बात करें, तो सान्या को आखिरी बार राजकुमार राव की फिल्म 'टोस्टर' में देखा गया था। यह फिल्म हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। आने वाले दिनों में अभिनेत्री बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' (5 जून, 2026) में दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# पहले ही दिन 1.95 करोड़ की कमाई की...

**लॉस एंजिल्स।** 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लोगों की तरफ से फिल्म को लेकर पॉजिटिव रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा' का सीक्वल है, जिसे नए अंदाज में बनाया गया है। आइए जानते हैं फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस और वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन किया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म ने भारत में खबर लिखे जाने तक टोटल नेट 1.95 करोड़ की कमाई कर ली है। फिलहाल इसके आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है।



# नशा और बेकाबू रफ्तार पर ब्रिटनी पर आरोप तय...

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स पर कैलिफोर्निया में शराब और ड्रग्स के प्रभाव में गाड़ी चलाने का औपचारिक आरोप दर्ज किया गया है। यै मामला मार्च 2026 की उस घटना से जुड़ा है, जब उन्हें अपनी कार को लापरवाही से चलाने के लिए रोका गया था। फिलहाल, ब्रिटनी स्वेच्छा से एक रिहैब सेंटर में अपना इलाज करा रही हैं, जबकि इस मामले में उनकी कोर्ट में सुनवाई सोमवार को होनी तय हुई है। सोमवार 4 मई को होने वाली सुनवाई में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की जरूरत नहीं है, उनकी जगह वकील पक्ष रखेंगे। कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी जिला अटॉर्नी कार्यालय ने उन पर शराब और ड्रग्स के संयुक्त प्रभाव में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया है।



# सिद्धार्थ- कियारा की पर्दे पर होगी वापसी

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अब एक बेटी के माता-पिता बन चुके हैं। हालांकि उनकी प्रेम कहानी की शुरुआत फिल्म 'शेरशाह' (2021) के सेट पर हुई थी और दोनों की जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया था। लगता है कि यह जोड़ा एक बार फिर फिल्मी पर्दे पर साथ आने की तैयारी कर रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि अभिनेता की ताजा इंस्टाग्राम पोस्ट देखकर लोगों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया है। सिद्धार्थ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शूटिंग की एक तस्वीर साझा की है। पीछे से ली गई तस्वीर में उनके साथ कियारा भी मौजूद हैं और दोनों कैमरे की ओर देख रहे हैं। जहां अभिनेता ने सफेद शर्ट के साथ नील जींस पहनकर कैजुअल लुक लिया, तो वहीं कियारा ने गुलाबी धारीदार शर्ट और सफेद पैंट पहनी है।



# 'पेड्डी' को मिली नई रिलीज तारीख...

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' एक बार फिर चर्चा में हैं। निर्माताओं ने आधिकारिक ऐलान करते हुए आखिरकार इसकी नई रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। पहले फिल्म अप्रैल में रिलीज करने की तैयारी थी, लेकिन निर्देशक बुची बाबू सना ने इसे आगे बढ़ाने का फैसला लिया। उन्होंने बची हुई शूटिंग का हवाला देते हुए रिलीज को स्थगित करने ऐलान किया था। हालांकि, अब 'पेड्डी' को जून में रिलीज किया जाएगा। संगीतकार एआर रहमान ने 'पेड्डी' का नया पोस्टर जारी करते हुए लिखा, 'दृढ़ संकल्प ही उसकी कहानी है। दृढ़ निश्चय ही उसका हथियार है। #पेड्डी 4 जून, 2026 को विश्वव्यापी रिलीज।' पहले 4 जून को यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' को रिलीज होना था, लेकिन अब उसे टाल दिया गया है।

## टीवी मसाला

# 'सिंगल हूं, कमजोर नहीं', एक शो से रातोंरात स्टार बनी थीं एक्ट्रेस...

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ, करियर और जिंदगी के संघर्षों को कई राज खोले हैं। रश्मि ने बताया कि उन्होंने जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन



हर मुश्किल के बाद खुद को और मजबूत बनाया है। रश्मि ने कहा कि वह खुद को एक मजबूत सोच वाली सिंगल महिला मानती हैं। उनके मुताबिक जिंदगी में बदलाव आना बिल्कुल सामान्य है और हर इंसान को बदलाव को अपनाना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वक्त के साथ हर चीज बदलती है, इसलिए इंसान को भी आगे बढ़ते रहना चाहिए। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि उन्होंने जिंदगी से सबसे जरूरी बात यही सीखी है कि कभी रुकना नहीं चाहिए। अगर इंसान रुक जाता है तो पीछे छूट जाता है। मुश्किल समय में भी आगे बढ़ते रहना ही असली हिम्मत है। बता दें कि अपने करियर में रश्मि देसाई ने कई हिट और सुपरहिट शोज में काम किया है लेकिन जो पहचान और घर-घर में उन्हें पहचाना गया है, वो शो है 'उतरन'। इस शो में तप्पू का किरदार निभाकर तो वह रातोंरात स्टार बन गई थी। शो में नेगेटिव रोल में उन्होंने जान फूंक दी थी।

## कपिल फिर खोलेंगे मस्ती का पिटारा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों आगामी फिल्म 'दादी की शादी' को लेकर चर्चा में हैं। नीतू कपूर की मुख्य भूमिका वाली यह



फिल्म सिनेमाघरों में 8 मई, 2026 को रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। हालांकि इससे पहले कपिल अपनी कॉमेडी की टोली के साथ वापसी करेंगे और दर्शकों को हंसी की डोज देंगे। अगर आप सोच रहे हैं कि उनका 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' लौट रहा है, तो आप सही हैं, लेकिन यहां एक ट्विस्ट भी है।

***विश्व हास्य दिवस पर दर्शकों को मिलेगा तोहफा :*** नेटफ्लिक्स ने ऐलान किया है कि विश्व हास्य दिवस के खास अवसर पर कपिल का शो एक दिन के लिए वापसी करेगा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मस्ती की कमी खल रही है? हम दोनों को! विश्व हास्य दिवस के अवसर पर इस शनिवार को एक विशेष एपिसोड भी प्रसारित किया गया। बता दें, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अब तक 4 सीजन आ चुके हैं।

# सिनेमा के शौकीनों के लिए मई में धमाल मचाने आएंगी कई फिल्में





**मुंबई।** फिल्मों के शौकीनों के लिए आने वाला मई का महीना जबरदस्त मनोरंजन से भरपूर होने वाला है। रितेश देशमुख से लेकर आयुष्मान खुराना तक, कई सितारे अपनी फिल्मों के साथ सिनेमाघरों का रुख करेंगे। इन फिल्मों में ऐतिहासिक ड्रामा, कॉमेडी, थ्रिलर और रोमांच से भरपूर कई शैली शामिल हैं, जिन्हें दर्शक अपनी-अपनी पसंद के हिसाब से देख सकते हैं। चलिए मई, 2026 में सिनेमाघरों में आने वाली सभी फिल्मों की सूची पर एक नजर डालते हैं।

***'राजा शिवाजी' और 'एक दिन' :*** रितेश द्वारा निर्देशित और अभिनीत ऐतिहासिक फिल्म 'राजा शिवाजी' 1 मई को रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में अभिनेता छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार को पर्दे पर जीवंत करते दिखाई देंगे। उनके साथ जेनेलिया डिसूजा, अभिषेक बच्चन और विद्या बालन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। इसी दिन सिनेमाघरों में जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म 'एक दिन' भी रिलीज होगी। यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्माण आमिर खान प्रोडक्शन के तहत किया गया है।

***'कृष्णावतारम', 'आखिरी सवाल' और 'दादी की शादी':*** भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित पौराणिक फिल्म 'कृष्णावतारम' का पहला भाग 7 मई को रिलीज होगा। इसमें सिद्धार्थ गुप्ता और संस्कृति जयना मुख्य किरदार में हैं। संजय दत्त की फिल्म 'आखिरी सवाल' 8 मई को रिलीज हो रही है। अभिजीत मोहन वारंग द्वारा निर्देशित और निखिल नंदा, संजय दत्त द्वारा निर्मित यह फिल्म देश के संवेदनशील ऐतिहासिक विषयों पर आधारित है। इसी दिन नीतू कपूर और कपिल शर्मा की कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'दादी की शादी' भी रिलीज हो रही है।

***'पति पत्नी और वो 2' और 'चांद मेरा दिल':*** आयुष्मान, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' 15 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित यह कार्तिक आर्यन की फिल्म ' पति पत्नी और वो' (2019) का सीक्वल है। एक हफ्ते बाद, 22 मई को अनन्या पांडे और लक्ष्य अभिनीत फिल्म 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों का रुख करेगी। करण जौहर द्वारा निर्मित यह फिल्म प्यार और दर्द के इर्द-गिर्द बुनी गई एक भावनात्मक प्रेम-कहानी है।

# 'क्रांतिवीर' का वो आखिरी सीन, जिसने नाना पाटेकर को बनाया रील की दुनिया का बादशाह

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर की फिल्म क्रांतिवीर 1994 में रिलीज हुई थी। मेहुल कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म के डायलॉग्स आज भी लोगों के जहन में है। खासकर नाना पाटेकर का 'आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने'. इस सीन को लेकर खुद अभिनेता ने बताया कि यह दृश्य शूट करने का कोई प्लान नहीं था। जानिए फिर कैसे बना यह सीन।

### नाना पाटेकर ने क्या कहा?

अभिनेता नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि 'क्रांतिवीर' का आखिरी का सीन जो था वो लिखा हुआ ही नहीं है। आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने, उसे तो ऐसे ही बोल दिया था। फिल्म के क्लाइमैक्स सीन से पहले नाना पाटेकर बीमार हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके दूसरे दिन ही उस सीन की शूटिंग होनी थी। फिल्म के डायरेक्टर मेहुल कुमार अभिनेता ने मिलने पहुंचे और उनसे नाना पाटेकर ने कहा कि वो तय समय पर ही क्लाइमैक्स सीन की शूटिंग करेंगे। इसके बाद अभिनेता ने अस्पताल से छुट्टी ले ली।

### एक ही टेक में पूरा किया सीन

उस सीन के लिए डायरेक्टर ने नाना पाटेकर से कहा कि जो उन्हें मन में आए बोल दें। थोड़ी देर प्रैक्टिस करने के बाद अभिनेता ने अपने बनाए शब्दों को बोल डाला और एक ही टेक में शूटिंग पूरी हो गई। फिल्म रिलीज के बाद यह सीन सबसे यादगार बन गया और आज भी लोगों के रील्स में यह डायलॉग दिख जाता है।



### फिल्म के बारे में

इस फिल्म में नाना पाटेकर के साथ डिंपल कपाड़िया, ममता कुलकर्णी, परेश रावल जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। फिल्म की कहानी की बात करें, तो अपने परिवार द्वारा बेदखल किए जाने पर, एक किशोर जुआरी, प्रताप (नाना पाटेकर) मुंबई आता है, जहाँ उसे लक्ष्मीनाथ (परेश रावल) द्वारा अपनाया जाता है। हालांकि, जब लक्ष्मीनाथ की हत्या हो जाती है, तो प्रताप बदला लेने की कसम खाता है।

## एके47 राइफलों के साथ आगे बैठे थे और मैं जो भी गाने गाता था, वे हवा में चलाते थे गोलियां

# जब कुमार सानू से बंदूक की नोक पर गवाया गया एक ही गाना 16 बार

*मुंबई। सन 90 के दशक के सबसे लोकप्रिय गायकों में से एक कुमार सानू अपनी सुरीली आवाज से आज भी कई लोगों के दिलों पर राज करते हैं। गायक ने एक बार ऐसा खुलासा किया था कि सब हैरान हो गए थे. उन्हें बंदूक की नोक पर 16 बार गाना गाने के लिए मजबूर किया गया था और वे बड़ी मुश्किल से वहां से जान बचाकर भागे थे। चलिए जानते हैं वो चौंका देने वाला किस्सा।*



### 'हवा में गोलियां चलाते थे'

गायक कुमार सानू एक बार कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में शामिल हुए थे। वहां उन्होंने बताया कि वह एक बार बिहार के पटना में अपनी प्रस्तुति देने गए थे। उसी दौरान उन्होंने कहा, 'कुछ देर बाद, मैंने देखा कि उनमें से कुछ लोग एके47 राइफलों के साथ आगे बैठे थे और मैं जो भी गाने गाता था, वे हवा में गोलियां चलाते थे।' गायक ने बताया कि गोलीबारी के कारण कार्यक्रम में लगे तम्बू में लगभग 60 से 70 छेद हो गए थे, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज करते हुए अपना प्रदर्शन जारी रखा।



### जब डर गए सिंगर

आगे बताते हुए गायक ने बताया, 'मैंने 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गाना शुरू किया और जैसे ही मैंने गाना बदला, राइफल लिए एक आदमी आया और मुझसे पूछा कि आपको यह गाना बंद करने के लिए किसने कहा। वह आदमी शराब के नशे में था और उसने यह भी कहा कि यह उसका पसंदीदा गाना है। फिर उसने मुझसे कहा, 'सानू जी, मैं यह गाना एक बार और सुनना चाहता हूं और आपको मेरे लिए यह गाना गाना होगा।' यह सुनकर मैं डर गया।'

### जब तान दी बंदूक

गायक ने यह भी बताया कि उन्होंने उस व्यक्ति को समझाने की कोशिश की कि वे उससे अलग गाना गाएंगे, लेकिन सब व्यर्थ रहा। कुमार सानू ने बताया कि उस व्यक्ति ने उन पर बंदूक तान दी और उन्होंने फिर से वही गाना गाना शुरू कर दिया। उन्होंने उस दिन वह गाना 16 बार गाया। उन्होंने आगे बताया, 'वे बंदूकें लेकर मंच पर आए और गाना गाने लगे। जब मैंने देखा कि मामला बिगड़ रहा है, तो मैं जल्दी से पीछे से निकल गया और पास के एक होटल में रुक गया। वहां सुबह 5 बजे तक गोलीबारी जारी रही।

## खबर संक्षेप

### कोटमी सोनार के डबरा मठ में मनाई गई देवर्षि नारद जयंती



**अकलतरा।** देवर्षि नारद जयंती के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी डबरा मठ, कोटमी सोनार में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ नारद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय संत समिति के केंद्रीय सह संगठन मंत्री महंत सर्वेश्वर दास महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में महंत सर्वेश्वर दास महाराज ने नारद जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है। हर वर्ष ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को देवर्षि नारद के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नारद मुनि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र हैं और उन्हें ब्रह्मांड का 'प्रथम पत्रकार' एवं दिव्य संदेशवाहक कहा जाता है, जो तीनों लोकों में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे।कार्यक्रम के दौरान अकलतरा क्षेत्र के पत्रकारों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में श्रीमती सीता टंडन, अविनाश सिंह, सुबोध थवाईत, यशपाल चौबे, मनोज साहू, शैलेन्द्र श्रीवास, हितेश पालीवाल एवं रूपेश कंवर शामिल रहे।

### मक्का मदीना के लिए मेमन दंपती हुआ रवाना

**बिर्रा।** बिर्रा निवासी इम्तियाज मेमन अपनी पत्नी अबेदा मेमन व परिवार के साथ शनिवार 2 मई को अपने निवास स्थान केरा रोड बिर्रा से मक्का मदीना के लिए रवाना हुए। मेमन परिवार चांपा जंक्शन से रेलगाड़ी में सवार होकर नागपुर पहुंचकर स्पेशल विमान से हवाई यात्रा करते हुए मक्का मदीना पहुंचेगा। वे मक्का मदीना पहुंच कर अपने गांव, जिला, राज्य और देश के अमन चैन सुख शांति और खुशहाली के लिए दुआ मांगेंगे।

## निधन

### अर्जुन लाल शुक्ला

**केरा।** ग्राम केरा के प्रतिष्ठित नागरिक अर्जुनलाल



शुक्ला का रविवार 3 मई की सुबह 9 बजे पुणे में निधन में हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 4 मई को राजकिशोर नगर बिलासपुर स्थित निवास से निकलेगी। वे अभिज्ञान शुक्ला के पिता थे।

बरसात के दिनों में 20 गांवों के लोगों को आवागमन में होती है परेशानी

# तीन साल बाद भी कुकदा-रिंगनी कंजी नाला पुल का काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कुकदा-रिंगनी के कंजी नाला पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य लगातार धीमी गति से चल रहा है। इसके चलते करीब 20 गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्षों बीतने के बाद भी पुल अधूरा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

जानकारी के अनुसार इस पुल निर्माण के लिए शासन द्वारा 5 करोड़ 14 लाख 22 हजार रुपये की स्वीकृत दी गई है। निर्माण कार्य 21 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हुआ है और इसे 22 अप्रैल 2024 तक पूरा किया जाना था। समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर इसकी अवधि बढ़ाकर 5 नवंबर 2025 कर दी गई, लेकिन इसके बावजूद भी काम पूरा नहीं हो सका है। करीब 3 साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य केवल 70 प्रतिशत ही हो पाया है। ठेकेदार द्वारा कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कछुए की चाल से चल रहे इस निर्माण कार्य के कारण आगामी 15 जून तक पुल बन पाना संभव नहीं दिख रहा है। बारिश के दिनों में पुल पर पानी चढ़ जाता है, जिससे आसपास के ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाती है। इस पुल से कुकदा, बोरदा, रिंगनी, बेल्हा, खरौद, देवरी, सलखन, सेमरा, मुड़पार, अमोरा, गोधना, पोंडी, कोटिया, कांसा सहित आसपास के 20 गांव के लोग आवागमन करते है। बारिश का मौसम नजदीक है, और हर वर्ष की तरह इस बार भी कंजी नाला में पानी भरने से रास्ता पूरी तरह बंद हो जाएगा। इससे लगभग एक महीने तक इन गांवों का संपर्क टूट जाएगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होगी, वहीं बीमार लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में भी कठिनाई होगी। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई, जिसके चलते तीन साल बाद भी पुल अधूरा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पुल निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से राहत मिल सके।



आधा अधूरा पुल निर्माण का कार्य।





## ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम से कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम राछा भांटा में रविवार 3 मई को नशा मुक्ति एवं सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोगों के बारे में जागरूक किया गया।

जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नवागढ़ थाना प्रभारी कमलेश सेंडे द्वारा क्षेत्र के ग्राम राछाभाटा में नशा मुक्ति एवं सायबर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अवैध शराब के खिलाफ एवं सायबर अपराध से बचने के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान अवैध शराब के विरुद्ध सशक्त संदेश दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी शेयर नहीं करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिले में अवैध शराब, नशा कारोबार एवं सामाजिक अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार लगातार जारी रहेगा।

# संविधान की रक्षा करना देशवासियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जाजंगीर-चांपा

- नगर आगमन पर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव का हुआ स्वागत

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र यादव के नगर प्रवास के दौरान कांग्रेसजनों एवं युवाओं ने उनका ऐतिहासिक एवं जोशीला स्वागत किया।

कचहरी चौक में पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष प्रिंस शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ढोल-ताशों, आतिशबाजी और फूलमालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच श्री यादव ने नगर में रुककर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ आत्मीय संवाद किया। इस दौरान वे प्रिंस शर्मा के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने युवा साथियों से अनौपचारिक चर्चा कर संगठन की मजबूती और युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। तत्पश्चात वे पार्षद विष्णु यादव के निवास पहुंचकर सामाजिक बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त कर युवाओं से चर्चा की। कचहरी चौक में भव्य स्वागत के पश्चात श्री यादव कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च करते हुए संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पहुंचे और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी हमारे संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है। कुछ शक्तियां संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं, ऐसे समय में कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को सजग और सक्रिय रहना होगा। हमें बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलते हुए सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के मूल्यों को मजबूत करना है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ही वह शक्ति है जो देश के संविधान, लोकतंत्र और गरीब, किसान, मजदूर एवं युवाओं के अधिकारों की रक्षा करती आई है। संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए हम सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला कांग्रेस महामंत्री विवेक सिंह सिसोदिया, सोशल मीडिया प्रभारी परमेश्वर निर्मले, भैरव मिश्रा,पिंटू राठौर,राजा सिद्दीकी, मितेश (भोलू) यादव, पार्षदगण विष्णु यादव, धीरज सिंह बैंस, देवराज सिंह चंदेल, विजय (बंटी) अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बबला महाराज, बलवीर सिंह ढिल्लों महेंद्र यादव एकांश तिवारी, संतोष दुबे,भोला राठौर, ओम देवांगन, समीर साहू, सुमित दास, दीपक कश्यप, प्रशांत सिंह राजपूत, सागर पटेल, मुरारी दास महंत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।



स्वागत के बाद रैली निकालकर अंबेडकर प्रतिमा स्थल जाते विधायक देवेन्द्र यादव।









नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166